आर. एन. आई. नं. UPHIN/2010/32566 डाक. पंजीयन. संख्या– SSP/LW/NP-311

# अद्भुत समाचार

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी साप्ताहिक

हर ख़बर पर पैनी नज़र

वर्ष : 11 अंक : 31 लखनऊ, शनिवार 21 नवम्बर से 27 नवम्बर, 2020 तक पृष्ठ–8 मूल्य : एक रूपया

## भारत जल्द ही भूटानी उपग्रह को अंतरिक्ष में भेजेगा : मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज रुपे कार्ड के दूसरे चरण का शुभारंभ करते हुए घोषणा की कि भारत जल्द ही भूटानी उपग्रह को अंतरिक्ष में भेजेगा। उन्होंने कहा, भारत ने निजी उद्यमों के लिए अपना अंतरिक्ष क्षेत्र खोला है। यह नवाचार, क्षमता और कौशल को बढ़ावा देगा। इसरो अगले साल भूटान का उपग्रह भेजेगा और उस पर काम तेजी से चल रहा है। प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर भूटानी दर्शकों से कहा, अन्य भारतीयों की तरह मुझे भूटान से बहुत प्यार और दोस्ती है, जब मैं आप सभी से मिलता हूं, एक खास अपनेपन की अनुभूति होती है। प्रधानमंत्री ने कहा, भारत और भूटान के बीच संबंध महत्वपूर्ण और दुनिया के लिए सबसे अच्छा उदाहरण है। उन्होंने कहा कि उन्हें खुशी है कि भूटान में रुपे कार्ड के माध्यम से ११,००० का लेन–देन (ट्रांजेक्शन) हुआ और अगर कोविड–१६ महामारी नहीं होती



तो इसकी संख्या और अधिक हो सकती थी। मोदी ने कहा, मेरी भूटान की यात्रा के साथ रुपे कार्ड के पहले चरण की लॉन्चिंग से लेकर अब तक, भूटान में ११,००० सफल रुपे लेनदेन हुए हैं। आज चरण–२ के लॉन्च के साथ, हम भूटान का रुपे नेटवर्क के लिए पूर्णकालिक भागीदार के रूप में स्वागत करते हैं। भूटान के प्रधानमंत्री के साथ प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी यात्रा के दौरान पिछले साल रुपे कार्ड का पहला चरण शुरू किया था। भूटान के प्रधानमंत्री ने महामारी से निपटने में मोदी के प्रयासों की सराहना की। भूटान के प्रधानमंत्री लोटे त्सरिंग ने कहा, मुझे यकीन है कि भारत महामारी से पहले से कहीं अधिक मजबूत होकर बाहर निकलेगा। भारत जो टीके (वैक्सीन) विकसित करने में अग्रणी है, वह हम सभी के लिए आशा का स्रोत है। भूटान के प्रधानमंत्री ने तैयार होने पर वैक्सीन देने का वादा करने के लिए भारत को धन्यवाद दिया।

## गरीब के लिए बैंक से मनरेगा का पैसा निकलना कठिनः राहुल



नई दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने सरकार पर हमला करते हुए शुक्रवार को कहा कि उसकी नीति से आम आदमी परेशान है और गरीब के लिए बैंक से एकमात्र सहारा मनरेगा का पैसा निकलना भी दूभर हो गया है। गांधी ने कहा पहले किया तुगलकी लॉकडाउन, करोड़ों मजदूरों को सड़क पर ले आए। फिर उनके एकमात्र सहारा मनरेगा की कमाई को बैंक से निकालना दूभर किया। सिर्फ बातों की है मोदी सरकार, कुचल रही गरीबों के अधिकार। इसके साथ ही, उन्होंने एक खबर पोस्ट की है जिसमे कहा गया है कि मनरेगा मजदूरों को अपनी दिहाड़ी निकालने के लिए बैंकों के चक्कर लगाने पड़ते है।

## सत्ता के लिये कुछ भी कर सकती है भाजपा : लल्लू

लखनऊ। कांग्रेस पर जम्मू कश्मीर में अलगाववादी तत्वों का साथ देने और धारा ३७० पर अपनी स्थिति साफ करने के उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बयान पर पलटवार करते हुये प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने कहा कि भाजपा के नेता को कोई सवाल करने से पहले स्पष्ट करना चाहिये कि महबूबा मुफ्ती की पीडीपी के साथ मिलकर सरकार बनाने के पीछे उसकी मंशा क्या थी। लल्लू ने आज कहा योगी जी को कांग्रेस पर आरोप लगाने से पहले देश की जनता को बताना चाहिये कि भाजपा ने पीडीपी के साथ मिलकर जम्मू कश्मीर में सरकार क्यों बनायी थी। वास्तव में भाजपा की नीति है कि वह सरकार बनाने के लिये किसी भी हद तक जा सकती है। कांग्रेस के प्रवक्ताओं ने पहले से ही जम्मू कश्मीर के मामले में पार्टी की नीति स्पष्ट कर दी है। उन्होने कहा कि योगी बतायें कि उन्नाव, शाहजहांपुर, बुलंदशहर, हाथरस, बस्ती, बाराबंकी और कानपुर में महिलाओं के साथ लगातार बढती बलात्कार की घटनाओं को रोकने



के लिये उनकी सरकार ने क्या उपाय किये हैं। बेटी बचाओ बेटी पढाओ का नारा देने वाली भाजपा सरकार के कार्यकाल में बेटियों के खिलाफ उत्पीड़न की घटनाये लगातार बढ़ रही हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा की पहचान पीआर (पब्लिक रिलेशन) पार्टी के तौर पर आम जनता के बीच बन चुकी है और २०२२ के चुनाव में जनता उसको सत्ता से बाहर करने का मन बना चुकी है। कांग्रेस पर मनगढ़ंत आरोप लगाने वाली भाजपा के दिन पूरे हो चुके हैं। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल एक संवाददाता सम्मेलन में कांग्रेस पर जम्मू कश्मीर के अलगाववादी नेताओ के समूह का समर्थन करने का आरोप लगाया था। उन्होने कहा कि गुपकार गैंग के बीच कश्मीर को अस्थिर करने संबंधी समझौते का कांग्रेस के कुछ वरिष्ठ और स्थानीय नेताओं समर्थन किया था। उन्होने आरोप लगाया था कि वरिष्ठ कांग्रेसी पी चिदंबरम और गुलाम नवी आजाद समेत कुछ अन्य नेता धारा ३७० हटाये जाने का विरोध खुलेआम कर चुके है जो देश की संप्रभुता और अखंडता के लिये एक गंभीर खतरा है।

## जनता की समस्याएं सुनें अधिकारी, अनदेखी करने पर होगी सख्त कार्रवाई : योगी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी जिलाधिकारियों तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों, पुलिस अधीक्षकों को निर्देशित किया है कि वे सीयूजी नम्बर वाला मोबाइल फोन स्वयं अपने पास रखें और लोगों की समस्याओं को सुनें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री कार्यालय के स्तर से आदेश के पालन की पुष्टि की जाएगी। मुख्यमंत्री ने यह निर्देश भी दिये हैं कि सभी जिलाधिकारी तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, पुलिस अधीक्षक अपने–अपने कार्यालय में बैठकर आम जनता से मिलें। यह अधिकारी समय से कार्यालय में उपस्थित हों तथा अपने अधीनस्थ जिला एवं अन्य कार्यालयों में भी अधिकारियों तथा कर्मचारियों की समय से उपस्थिति सुनिश्चित कराएं। इन निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार जनसमस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के लिए



प्रतिबद्ध है। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जनता की समस्याओं की अनदेखी करने वालों की जवाबदेही तय करते हुए उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने जनसमस्याओं एवं शिकायतों के निस्तारण की नियमित मनीटरिंग करने के निर्देश भी दिये हैं।

## विकास विनाश में और शासन की चुस्ती सुस्ती में बदल गई : अखिलेश

लखनऊ। समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दिव्यशक्तियां कोई असर नहीं दिखा रही हैं, उल्टे विकास विनाश में और शासन की चुस्ती सुस्ती में बदल गई है। यादव ने आज जारी बयान में कहा कि भाजपा सरकार जनहित का कोई काम करने के बजाय कड़े बयान और कड़े कानून के नाम पर जनता को बहकाने का काम ही करती आयी है। उनसे न तो कोरोना संकट निबट पा रहा है और नहीं कानून व्यवस्था सुधर रही हैं। अपराधियों की दहशत में लोगों को नींद नहीं आ रही है। उन्होने कहा कोई पूछे कि कोई कानून सख्त या लचीला कैसे हो सकता है। कानून तो कानून है उसे कैसे लागू किया जाता है। यह तो उसके लागू करने वाले पर निर्भर करता है। केवल सख्त बयान से तो कोई कानूनी पहल असरदार नहीं हो सकती है। भाजपा सरकार रोज–रोज नए–नए कानून की आड़ अपनी अकर्मण्यता पर पर्दा डालने के लिए ले रही है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि हालात यह हैं कि प्रदेश में अपराधी तांडव मचाए हुए हैं। उन्नाव के केसरी खेड़ा गांव में एक एनआरआई के बेटे का अपहरण के बाद उसकी हत्या कर दी गई। फिरोजाबाद में एक युवक को गोली मारी गई तो बदायूं में एक ग्रामीण की पीट–पीट कर हत्या कर दी गई। बुलन्दशहर में पुलिस के नकारेपन से एक दुष्कर्म पीड़िता



ने आत्महत्या कर ली तो वहीं एक दूसरी युवती ने छेड़छाड़ से तंग आकर जहर खाकर जान दे दी। भाजपा राज में पीड़िताओं के लिए जान देने के अलावा और रास्ता ही क्या बचा है। उन्होने कहा कि लखनऊ में गुण्डा टैक्स न देने के चलते एक प्लास्टिक व्यापारी को मजबूरी में फांसी लगानी पड़ गई। देवरिया के गौरी बाजार थाना क्षेत्र में एक बैंक ग्राहक सेवा केन्द्र के कर्मी को दबंगों ने गोली मारी और उसके पांच लाख ४० हजार रूपये लूट ले गए। मुरादाबाद के सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में नाबालिग बेटी को कुछ अवांछित तत्व परेशान कर रहे थे। परेशान होकर उसने घर में खुदकुशी कर ली। सोनभद्र में नाबालिग छात्रा से दुराचार हुआ।

# सम्पादकीय

## अमेरिकी विदेश नीति में संभावित बदलाव को लेकर कयास

बाइडेन की जीत के बाद दुनिया के अलग– अलग हिस्सों में अमेरिकी विदेश नीति में संभावित बदलाव को लेकर कयास लगाए जा रहे हैं। उन देशों में फिक्र खास बढ़ी है, जिनके नेताओं ने ट्रंप के साथ निजी निकटता बनाकर मानवाधिकार जैसे मुद्दों को लेकर अपने ऊपर पड़ने दबावों से अपने को मुक्त रखा था। इन देशों में सऊदी अरब है। उससे तुरंत ये ताप झेलनी पड़ रही है। वजह जी–२० देशों का दो दिवसीय शिखर सम्मेलन है, जो शनिवार से शुरू हो रहा है। इसकी मेजबानी सऊदी अरब करेगा, हालांकि कोरोना महामारी को देखते हुए सम्मेलन वर्चुअल होगा। इस संगठन में दुनिया के सबसे अमीर और उभरते हुए देश शामिल हैं। जी– २० सम्मेलन में कोरोना महामारी से लेकर जलवायु परिवर्तन और बढ़ती असमानता तक कई मुद्दों पर चर्चा होगी। सम्मेलन में महामारी से बेहाल विश्व अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने के बारे में भी बातचीत होगी। मेजबान होने के नाते सऊदी शाह सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगे। यमन में जारी युद्ध और अपने मानवाधिकार रिकॉर्ड समेत कई मुद्दों पर आलोचना झेल रहा सऊदी अरब कूटनीतिक नजरिए जी–२० की मेजबानी को बहुत अहमियत दे रहा है। मगर मानवाधिकार कार्यकर्ताओं और सऊदी जेलों में रखे गए कार्यकर्ताओं के रिश्तेदारों ने मांग की है कि मानवाधिकारों के हनन से जुड़े मुद्दे को लेकर सऊदी अरब पर अवश्य दबाव डाला जाए। पिछले महीने यूरोपीय सांसदों ने भी एक प्रस्ताव पास कर सऊदी अरब में मानवाधिकारों की खराब स्थित पर चिंता जताई थी। कुछ अमेरिकी सांसदों ने भी इस बारे में अमेरिकी विदेश मंत्री माइक पम्पियो को पत्र लिखा था। उनकी मांग है कि सऊदी अरब जेल में बंद कार्यकर्ताओं को रिहा करे। उन्होंने यमन में जारी सैन्य अभियान को भी खत्म करने की मांग की है। साथ ही २०१८ में इस्तांबुल के सऊदी वाणिज्य दूतावास में पत्रकार जमाल खशोगी की हत्या के मामले में भी जवाबदेही तय करने की मांग उठाई गई है। हाल के समय में सऊदी अरब ने अपनी रूढ़िवादी समाज की छवि को तोड़ने कई सुधार किए हैं। लेकिन लगता नहीं कि इससे वो मानवाधिकारों के मसले पर दुनिया को भरमा पाया है। साफ है, अब वह विश्व जनमत के कठघरे में है।

# उत्तर प्रदेश सरकार ने 'लव जेहाद' कानून का प्रस्ताव विधि विभाग को भेजा

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लव जेहाद को लेकर सख्त कानून बनाने की वकालत कर चुके हैं और इसी क्रम में सरकार ने न्याय और विधि विभाग को इसका प्रस्ताव भेजा है। आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि राज्य के गृह विभाग ने न्याय और विधि विभाग को प्रस्ताव भेज दिया है जिसकी समीक्षा की जा रही है। इस कानून का मकसद लोभ, लालच, दबाव, धमकी या शादी का झांसा देकर शादी की घटनाओं को रोकना है। इससे पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के उस फैसले पर सहमति जताई थी जिसमें कहा गया था कि महज शादी करने के लिए किया गया धर्म परिवर्तन अवैध होगा। प्रदेश



सरकार इस बाबत सख्त प्रावधानों वाला कानून लाएगी और फिर ऐसी हरकत करने वालों का 'राम नाम सत्य' ही होगा। दूसरी ओर आल इंडिया मुस्लिम महिला पर्सनल लॉ बोर्ड की अध्यक्ष शाइस्ता अम्बर ने लव जिहाद कानून बनाये जाने वाले कानून का सख्त विरोध किया। उन्होंने लव जिहाद कानून को संविधान की मूल आत्मा के खिलाफ बताया। उन्होंने जारी बयान में कहा कि राजनीति की मर्यादाओं और भारत के संविधान तथा भारतीय संस्कृति की रक्षा और देश की सुरक्षा हम सब नागरिकों और सरकारों का कर्तव्य है। लव जिहाद कानून बनाकर सरकार क्या साबित करना चाहती है? किसी धर्म के नाम पर लव जिहाद कानून लाना संविधान की मूल आत्मा के खिलाफ होने के साथ देश की साझी संस्कृति पर भी एक बड़ा हमला है।

# मीटर तेज चलने की शिकायत पर तत्काल लगे चेक मीटर : श्रीकान्त शर्मा

लखनऊ। उर्जा मंत्री ने बिजली के मीटर तेज चलने की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुये अध्यक्ष यूपीपीसीएल को निर्देश दिया है



कि वे स्वयं मीटरों के तेज चलने की शिकायतों की मनिटरिंग करें। मीटर तेज चलने, जम्प करने से संबंधित शिकायतें उपभोक्ता १६१२ पर दर्ज करायें। ऐसी शिकायतों पर तत्काल दूसरी कंपनी का चेक मीटर लगाने के निर्देश दिए गए हैं। गांवों के लिए भी ऊर्जा विभाग विशेष अभियान चला रहा है। पूरे प्रदेश में जहां भी लाइन लस १५: से कम होगा ऐसे फीडरों को निर्बाध बिजली दी जाएगी। इन क्षेत्रों के उपभोक्ता वीआईपी होंगे। यहां न केवल ट्रांसफार्मरों की क्षमता ४० फीसदी तक बढ़ाई जाएगी, साथ ही जर्जर तारों को भी अविलंब बदला जाएगा। प्रदेश के विद्युत उपभोक्ता इस प्रतिस्पर्धा में शामिल हों और अपने क्षेत्र को वीआईपी बनाएं। इसके लिए केवल समय पर बिल जमा करना होगा और चोरी रोकने के अभियान में सहयोग करना होगा। सहूलियत के लिए किस्तों में भी बिल जमा करने का अवसर दिया है। मंत्री ने कहा कि बिजली कनेक्शन काटना कोई विकल्प नहीं है, डिस्कनेक्शन की बजाय अधिकारी बकायेदारों के दरवाजे पर नक करें। उपभोक्ता भी सस्ती बिजली के लिए समय से बिल का भुगतान सुनिश्चित करें। उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए कर्मचारियों को तीन महीने तक के बकायेदारों के घर डिस्कनेक्शन करने की बजाए डोर नक कर बिल जमा करने के लिए प्रेरित करने को कहा गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में ७५ फीसदी और शहर में ३० फीसदी उपभोक्ताओं का बिल भुगतान न करना सस्ती व निर्बाध बिजली देने की राह में सबसे बड़ी बाधा है।

## उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय शिक्षा नीति विभिन्न चरणों में होगी लागू : योगी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरूवार को लखनऊ विश्वविद्यालय के शताब्दी उत्सव के शुभारम्भ कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति– २०२० को २०२२ तक विभिन्न चरणों में लागू किया जायेगा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति में ज्ञान के सैद्धान्तिक पक्ष के साथ ही व्यावहारिक पक्ष का भी समावेश है। ज्ञान के इन दोनों पक्षों में समन्वय आवश्यक है। इससे विद्यार्थी डिग्री प्राप्त करने के साथ ही स्वावलम्बी और समाज के आधार स्तम्भ बनेंगे। लखनऊ विश्वविद्यालय नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति के साथ जुड़कर आगे बढ़ेगा, तो नये प्रतिमान स्थापित करेगा। इस विश्वविद्यालय ने देश को राष्ट्रपति सहित अनेक प्रतिष्ठ न्यायमूर्ति, राजनेता, प्रशासनिक अधिकारी, प्राचार्य, वैज्ञानिक और उद्योगपति दिये हैं। उन्होंने कहा कि लखनऊ विश्वविद्यालय ने अपनी सौ वर्ष की यात्रा शिक्षा के क्षेत्र में जो प्रतिमान गढ़े हैं, वह अन्य राज्य विश्वविद्यालयों के लिए भी अनुकरणीय हैं। शिक्षण संस्थानों के आमजनमानस से जुड़ने और स्थानीय समस्याओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने पर बल देते हुए कहा कि कोविड–१६ की चुनौती के दौरान लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा सेनेटाइजर बनाया गया। सभी शिक्षण संस्थानों द्वारा आवश्यकता पड़ने पर समाज के लिए ऐसे उपयोगी कार्य किये जाने चाहिए।

## बीएसपी चीफ मायावती के पिता का निधन

लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष मायावती के पिता प्रभुदयाल का आज लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया।वे ६५ वर्ष के थे। बसपा के महासचिव सतीश चन्द्र मिश्रा ने जारी एक पत्र जारी कर इसकी जानकारी दी और पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं की ओर से शोक संवेदना व्यक्त की। पत्र में लिखा गया है, "अत्यंत खेद के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती के पिता प्रभु दयाल दी का आज, १६ नवंबर को स्वर्गवास हो गया है. बहुजन समाज पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों की ओर से यही प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को शांति और शोक संतृप्त परिवार को इस अपूरणीय क्षति को सहन करने की शक्ति प्रदान करें.'

## यूपी में श्रद्धापूर्वक लोगों ने अस्तगामी सूर्य की आराधना की


लखनऊ। उत्तर प्रदेश में लोक आस्था का पर्व छठ आज पूरी श्रद्धा के साथ मनाया गया। व्रती महिला, पुरुषों समेत लोगों ने डूबते सूर्य का अर्घ्य दिया। व्रती महिलायें और पुरुष सूर्य के अस्त होने के पहले ही पानी में खड़े हो गये और उनकी पूजा करते हुये अस्त होने का इंतजार करते रहे। अस्त होने के समय लोगों ने भगवान भाष्कर को अर्घ्य दिया। दुनिया का यह ऐसा पर्व है जिसमें डूबते सूर्य की भी पूजा की जाती है। कल सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ चार दिन के इस पर्व का समापन होगा। राजधानी लखनऊ में गोमती नदी के घाटों पर लोग आज शाम उमड़ पड़े। सभी घाटों पर व्रती महिलाओं, पुरुषों तथा अर्घ्य देने वालों की भीड़ थी। घाट पर आने वाले सभी लोगों के लिये मास्क अनिवार्य किया गया था। घाट पर मौजूद पुलिस ने बिना मास्क आये लोगों को रोक दिया। यहां तक कि व्रती महिलायें भी घाटों पर मास्क पहन कर आईं। में भी लोगों ने डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया। खासकर कुशीनगर के तालाब, पोखरों पर खासी भीड़ देखी गई। सभी जगहों पर प्रशासनिक



लखनऊ के घाटों पर व्रती महिलाओं के लिये कपड़े बदलने के लिये अलग से व्यवस्था की गई थी। इसके अलावा सोशल डिस्टेंसिंग के पालन का भी पूरा ध्यान रखा गया था। पूर्वी उत्तर प्रदेश के जौनपुर, कुशीनगर, देवरिया, गोरखपुर, बलिया, गाजीपुर समेत अन्य जिलों अमला पूरी तरह चुस्त रहा। ज्यादा पानी में उतरने की इजाजत किसी को नहीं दी गई। प्रशासनिक अधिकारी नाव से पूरी व्यवस्था का जायजा लेते रहे। लोगों ने भी प्रशासन का पूरा सहयोग दिया। चार दिवसीय छठ पर्व की शुरूआत बुधवार को हुई थी।

# जम्मू कश्मीर के संबंध में कांग्रेस का दोहरा रवैया देश की एकता और अखंडता के लिये बड़ा खतरा : योगी

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरूवार को कहा कि जम्मू कश्मीर के संबंध में कांग्रेस का दोहरा रवैया देश की एकता और अखंडता के लिये बड़ा खतरा है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि कांग्रेस दशकों से राष्ट्रीय अस्मिता के साथ खिलवाड़ करती रही है। कांग्रेस प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से उन तत्वों को उत्साहित करती रही है जो देश के अंदर अलगाववाद और अराजकता को बढ़ावा देते हैं। जम्मू कश्मीर के अंदर कांग्रेस का दोहरा चेहरा देश की जनता के सामने आया है। उन्होंने कहा कांग्रेस ही वह पार्टी है जिसने एक भारत श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना को कभी साकार नहीं होने दिया। कांग्रेस ने धारा ३७० को छल से लागू करके जम्मू कश्मीर में अलगाववाद को बढ़ावा दिया और इसके जरिये देश के अलग अलग हिस्सों में आतंकवाद को प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि देश प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह की आभारी है जिन्होने पांच अगस्त २०१९ को कश्मीर में धारा ३७० को और ३५ ए के प्रावधान को समाप्त करते हुये एक भारत श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना का साकार किया। धारा ३७० ने केवल अलगाववाद का कारण थी अपितु जम्मू कश्मीर के विकास में भी बाधक थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि धारा ३७० को हटाने का उपरांत जम्मू कश्मीर के कुछ नेताओं ने आपसी समझौता किया था जो गुपकार कंनवेंशन कहलता है और इस पर हस्ताक्षर करने वाले लोगों




में क्षेत्रीय दलों के साथी कांग्रेस के भी नेता हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व गृहमंत्री और वित्त मंत्री पी चिंदबरम जम्मू कश्मीर में ३७० की बहाली की बात बार–बार करते रहे हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता गुलाम नवी आजाद ३७० की बहाली की बात करते है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि गुपकार समझौते के बारे बैठकें अलग अलग समय में हुयी हैं। कांग्रेस के स्थानीय अध्यक्ष की साथ ही अन्य नेताओं की उपस्थिति इस बात की ओर इशारा करती है कि वे लोग दिल्ली में कुछ और बात बोलेंगे, जम्मू कश्मीर में कुछ और दावे करेंगे। कांग्रेस अध्यक्ष को गुपकार समझौते के बारे में अपनी पार्टी का पक्ष स्पष्ट करना चाहिये अन्यथा उसका दोहरा चरित्र न सिर्फ देश की अखंडता और सुरक्षा के प्रति खतरा पैदा कर रहा है अपितु पूरी कांग्रेस पार्टी को भी कठघरे में खड़ा कर रहा है। उन्होने कहा कि देश कांग्रेस पार्टी से इसका जवाब मांग रहा है। कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व को साफ करना होगा कि धारा ३७० के बारे में उसकी क्या राय है। जम्मू कश्मीर के विकास के बारे में जो काम शुरू हुये हैं, उसके बारे में कहा जाता था कि जम्मू कश्मीर के विकास के लिये आने वाला पैसा वहां के राजनेता डकार जाते हैं। इन नेताओ के बच्चे विदेश में पढ़ते थे। ३७० के हटने के बाद पहली बार जिला पंचायत के माध्यम से विकास की प्रक्रिया को जोड़ने का काम हो रहा है और गुपकार समझौता इसी बौखलाहट का परिणाम है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस नेतृत्व को बताना होगा कि उसके नेताओं का गुपकार गैंग से रिश्ता किस स्तर का है। गुपकार समझौते की आड़ में देश की अखंडता पर खिलवाड़ करने के प्रयास को कांग्रेस नेतृत्व कैसे बर्दाश्त कर रहा है। जम्मू कश्मीर के अंदरूनी विकास में कांग्रेस क्यों बाधक बनना चाहती है।

# सेना भर्ती परीक्षा का परिणाम घोषित हुआ

लखनऊ। सेना भर्ती लिखित परीक्षा का परिणाम शुक्रवार को जारी कर दिया गया, जारी परिणाम के मुताबिक ८५८ अभ्यर्थियों को भारतीय सेना में सेवाएं देने का मौका मिलेगा। इस बारे में जानकारी देते हुए लखनऊ मध्यकमान के सेना प्रवक्ता शांतनु प्रताप सिंह ने बताया कि इसी माह १ नवंबर कोध लिखित परीक्षा का आयोजन किया गया था, जिसके बाद गहनता से मूल्यांकन प्रक्रिया पूरी कर परिणाम जारी किया गया। उन्होंने बताया कि इस परीक्षा में लखनऊ सहित १३ जिलों के २२२८ शामिल हुए थे जिसमें ८५८ अभ्यर्थी सफल हो गए हैं । अब इनकी ट्रेनिंग का शेड्यूल जल्द ही जारी किया जायेगा। रैली में सैनिक जीडी, सैनिक ट्रेड्समैन, सैनिक तकनीकी, सैनिक स्टोरकीपर तकनीकी और नर्सिंग सहायक जैसे पदों के लिए अभ्यर्थी शामिल हुए थे। अब ट्रेनिंग का शेड्यूल जारी होने के बाद ट्रेनिंग प्रक्रिया चरणबद्ध तरीके से शुरू होगी। ट्रेनिंग की प्रक्रिया पूरी होने के बाद घफिर नियुक्ति प्रदान की जायेगी। इस परीक्षा में औरैया, बांदा, बाराबंकी, चित्रकूट, फतेहपुर, गोंडा, हमीरपुर, कन्नौज, कानपुर नगर, कानपुर देहात, महोबा और उन्नाव समेत १३ जिलो के अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया था। इस रैली में सफल अभ्यर्थियों का सैन्य अस्पताल में मेडिकल परीक्षण कराया गया था। इसके बाद सेना की ओर से लिखित परीक्षा पहले अप्रैल में आयोजित करने की तैयारी की गई।

# अब सीबीआई करेगी उत्तर प्रदेश में वक्फ की सम्पत्तियों की अवैध बिक्री की जांच

नई दिल्ली। उत्तर प्रदेश के इलाहाबाद और कानपुर में वक्फ बोर्ड की सम्पत्तियों की कथित अवैध बिक्री, खरीद और हस्तांतरण के मामले की जांच सीबीआई ने अपने हाथों में ले ली है। एजेंसी ने उत्तर प्रदेश शिया वक्फ बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष वसीम रिजवी के खिलाफ इस सिलसिले में मामला भी दर्ज किया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। राज्य सरकार ने पिछले साल दो मामलों की जांच सीबीआई से कराने की अपील की थी। इनमें से एक के संबंध में




उत्तर प्रदेश पुलिस ने २०१६ में इलाहाबाद में और दूसरा मामले में २०१७ में लखनऊ में रिजवी और अन्य लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी। केन्द्र ने बुधवार को मामलों की सीबीआई जांच की अनुमति दे दी। अधिकारियों ने बताया कि इलाहाबाद का मामला २०१६ में इमामबाड़ा गुलाम हैदर में कथित अतक्रिमण और दुकानों के अवैध निर्माण से संबंधित है। वहीं लखनऊ में दर्ज प्राथमिकी २००६ में कानपुर के स्वरूप नगर में कथित तौर पर जमीन हथियाने से जुड़ा है।

# अपराध और अपराधियों पर सख्त रहेगी पुलिस : डीके ठाकुर


लखनऊ। नये पुलिस आयुक्त डीके ठाकुर ने आज यहां कहा कि अपराध और अपराधियों से सख्ती के साथ पुलिस कार्यवाही करेगी। किसी भी तरह की पक्षपात पूर्ण कारवाही नहीं होगी। १९९४–बैच के आईपीएस अधिकारी डीके ठाकुर को एक बार फिर उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ की कमान संभालने का मौका मिला है। पूर्व में १७ महीनों तक लखनऊ के डीआईजी–एसएसपी के पद पर तैनात रह चुके है। बिगड़ते कानून–व्यवस्था और बंथरा में जहरीली शराब से हुई छह लोगों की मौत के मामले के बाद हटाए गए सुजीत पांडे ने मंगलवार की देर रात ही नए पुलिस आयुक्त डीके ठाकुर को चार्ज दे दिया था। चार्ज लेने के बाद नवागत पुलिस कमिश्नर ध्रुव कान्त ठाकुर ने बुधवार को पुलिस लाइन में ब्रीफिंग की। इसके बाद उपनिरीक्षक से इंस्पेक्टर बने पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया। पुलिस कमिश्नर ने कहा कि थानो पर मौजूद पुलिसकर्मी जनता के मामलों को सुने,यथाउचित कार्यवाही की करें। अगर एफ आईआर दर्ज होती है तो समय से विवेचना की जाए। जनता को पक्षपात पूर्ण कार्रवाई हो रही है ये कहने का अवसर न मिले। अपराध ा भयमुक्त समाज स्थापित करने, महिलाओं दलित कमजोर वर्ग के लोगों के खिलाफ जो अपराध हो रहा है, उस पर सख्त कार्रवाई करेंगे यह उनकी प्राथमिकता होगी। माफियाओं पर भी कार्रवाई की जाएगी। माफि याओं की गतिविधियों पर प्रतिबंध लगे महिलाओं और बच्चों के साथ होने वाले अपराधों पर पूरी तरह से रोक लग सके। उन्होंने कहा कि मिशन शक्ति को पूरी शक्ति के साथ चलाएंगे और लखनऊ–स्मार्ट सिटी को सेव सिटी बनाने के लिए पूरी तरीके से ढ़ संकल्प हैं। ऐसा पुलिस कमिश्नर ने कहा। बताया कि सोशल मीडिया सहयोगी होने के साथ कहीं–कहीं हानिकारक भी साबित हुआ। इस ओर ध्यान देने की आवश्यकता है। कई बार बहुत सारी अफ वाहे चलती है, जिससे सही गलत पता करने में समय लगता है। अफ वाहों वाले



पोस्ट आते हैं, जिसे कंट्रोल करने में पुलिस को कड़ी मशक्कत करनी पड़ती है। रेडिकलाइजेशन ये भी है कि हम किसी विचारधारा से प्रभावित होकर गलत कार्य करते हैं, इस ओर पर भी कार्य करना पड़ेगा। पुलिस आयुक्त ने कहा की कमिश्नरी सिस्टम में उन्हे अधिक से अधिक अधिकारी और मजिस्टीरियल पावर मिले है। इससे अपराध और अपराधियों पर लगाम लगाने में मदद मिलेगी। इसके बाद फिर उन्होने कहा कि सोशल मीडिया एक चुनौती है। लखनऊ कमिश्नरेट में जनता को सुनना ही उनकी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होने कहा कि क शराब से मौतों के मामले में बंथरा नहीं जा पाये एटीएस में चार्ज छोड़ा है। बंथरा भी जाएंगे और मृतक परिवार से मिलेंगें। अवैध शराब माफियाओं को आगह कर कहा कि अवैध शराब एक कुटीर उद्योग बन गया है। सरकारी दुकानों पर भी मिलावट से जनहानि हो रही है। आबकारी विभाग से मिलकर इसे रोकने का हर सम्भव प्रयास करेंगें। कच्ची शराब और अन्य जिलों से जो अवैध शराब लाई जाती है तस्करी होती है उस पर भी सख्त काररवाई करेंगे।

# लखनऊ विश्वविद्यालय शताब्दी समारोह के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत रोशन ए चौकी का आयोजन

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय शताब्दी समारोह के अवसर पर अवध ए शाम को सजाने के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत रोशन



ए चौकी का आयोजन किया गया। चौकी को सजाने के लिए अवध के प्रसिद्ध साहित्यकार डॉ.यतीन्द्र मिश्र लोक गायिका मालिनी अवस्थी ने शिरकत की। डॉ.यतीन्द्र मिश्र ने अवध ा के सांस्कृतिक इतिहास पर प्रकाश डालते हुए विकास यात्रा का परिचय दिया तो वहीं मालिनी अवस्थी ने लोकगीतों की बानगी प्रस्तुत करके इस यात्रा को संगीतमय बना दिया। अवधी लोक परम्परा को अमीर खुसरो से प्रारम्भ करके बेगम अख्तर के विभिन्न गीतों को प्रस्तुत किया। मालिनी जी ने जहां एक और अवधी लोकगीत सोहर,ब्याह,धमाल, नकटा, आदि प्रस्तुत किए वहीं मौसिकी,दादरा,कजरी,गजल गीत प्रस्तुत किए। मालिनी अवस्थी ने उपस्थित छात्र–छात्राओं से कहा की लखनऊ की अत्यंत समृद्ध विरासतध्धरोहर है। मालिनी अवस्थी ने इस दौरान "केसरिया बालमा मोरी बनरारे बनी" "सैया मिले लरकईयां मैं का करूं"। इसके अलावा उन्होंने बेगम अख्तर द्वारा गाये कुछ कालजयी नग्मे भी प्रस्तुत किए। मालिनी अवस्थी ने इस दौरान "हमरी अटरिया पर" ऐ मोहब्बत तेरे अंजाम पर रोना आया" भी प्रस्तुत किया। उन्होने बॉलीवुड में गाये गए कुछ अवध से सम्बंधित कुछ यशस्वी गीतकारों, संगीतकारों की लोकप्रिय रचनाएं सुनाई जिसमे नौशाद द्वारा रचा गया " मोहे पनघट पे नन्दलाल छेड़ गया रे " "तेरी महफिल में किस्मत आजमा कर हम भी देखेंगे" रहे। इसके अलावा "नजर लागी राजा तोहरे बंगले में " "उनको ये शिकायत है की हम कुछ नहीं कहते " दो सितारों का मिलन" "इन आँखों की मस्ती" का भी मनोरंजक प्रस्तुति दिया।

# चिदंबरम ने बिहार में हार के लिए कांग्रेस नेतृत्व पर उठाए सवाल

नई दिल्ली। बिहार विधानसभा चुनाव और विभिन्न विधानसभा उपचुनावों में कांग्रेस पार्टी के खराब प्रदर्शन के बाद पार्टी की कार्यप्रणाली पर उसके ही वरिष्ठ नेताओं की ओर से लगातार सवाल उठाए जा रहे हैं। कपिल सिब्बल के बाद पार्टी के वरिष्ठ नेता पी. चिदंबरम ने भी सवाल उठाए हैं। बिहार विधानसभा चुनाव में भारी जीत के साथ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने एक बार फिर जदयू प्रमुख नीतीश कुमार के नेतृत्व में सरकार बना ली है। इस चुनाव में भाजपा ने एक बार फिर जनता का विश्वास जीत खुद को और मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया है, तो वहीं राजनीति के बदलते परिदृश्य में कांग्रेस अपनी जमीन खोती नजर आ रही है। ऐसे में अब कांग्रेस में नेतृत्व और संगठन की कमजोरी को लेकर सवाल खड़े करने वाले पार्टी के नेताओं की संख्या बढ़ने लगी है। कांग्रेस नेता पी चिदंबरम ने पार्टी के संगठन पर सवाल उठाते हुए कहा कि विपक्षी महागठबंधन बिहार में बुरी तरह हार गया। उनका यह बयान पार्टी में आंतरिक दरार के मद्देनजर सामने आ रहा है। चिदंबरम ने कहा, "जैसे कि मैंने राजग से हारने वाले महागठबंधन को ०.०३ प्रतिशत के अंतर से हराने की ओर इशारा किया है। अगर गठबंधन ने आठ और सीटें जीती होती, तो परिणाम ११८ से ११७ हो जाता (बजाय ११० से १२५)। हम और वीआईपी ने आठ सीटें जीतीं।" इससे पहले, चिदंबरम ने जमीन पर पार्टी की



बिगड़ती स्थिति पर चिंता जताई थी और इसकी कमजोर संगठनात्मक संरचना की ओर इशारा किया था। उन्होंने कहा कि पार्टी को सीटों के बंटवारे में केवल जीतने वाली सीटों को चुनना चाहिए, भले ही इनकी संख्या कम हो। लेकिन शुक्रवार को चिदंबरम ने कहा कि २०१६ के लोकसभा चुनावों की तुलना में राजग में गिरावट है। उन्होंने कहा कि २०१६ में और बाद के विधानसभा चुनावों और उपचुनावों में भाजपा ने केवल २१८ सेगमेंट जीते हैं, इसके विपरीत, २०१६ में बीजेपी ने ३६२ सेगमेंट जीते हैं। कई नेताओं की ओर से खुलकर कांग्रेस नेतृत्व की आलोचना करने के बाद पार्टी आंतरिक कलह का सामना कर रही है। मंगलवार को पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी के साथ अहमद पटेल, अंबिका सोनी, रणदीप सुरजेवाला, के. सी. वेणुगोपाल और मुकुल वासनिक ने बिहार के नतीजों के साथ–साथ उपचुनावों पर भी चर्चा की। सूत्रों का कहना है कि बिहार प्रभारी शक्ति सिंह गोहिल और गुजरात प्रभारी राजीव सातव ने पद छोड़ने की पेशकश की, हालांकि सोनिया गांधी ने स्थिति का जायजा लेने तक उन्हें रोक कर रखा है। सिब्बल ने भी बिहार चुनाव में पार्टी के कमजोर प्रदर्शन के लिए कांग्रेस के नेतृत्व की आलोचना की थी। सिब्बल ने कहा था कि ऐसा लगता है कि पार्टी नेतृत्व ने शायद हर चुनाव में पराजय को ही अपनी नियति मान ली है। उन्होंने कहा कि बिहार ही नहीं, उपचुनावों के नतीजों से भी ऐसा लग रहा है कि देश के लोग कांग्रेस पार्टी को प्रभावी विकल्प नहीं मान रहे हैं।कपिल सिब्बल ने कहा था कि चिंताओं को उठाने के लिए कोई मंच नहीं है, इसलिए उन्हें सार्वजनिक तौर पर ऐसा कहना पड़ रहा है।

# मुंबई के सभी स्कूलों को ३१ दिसंबर तक बंद रखने का आदेश

मुंबई। बृहन्मुंबई नगर निगम ने कोविड–१६ को फैलने से रोकने के लिए एहतियात के तौर पर आज सभी स्कूलों को ३१ दिसंबर तक बंद रखने का आदेश दिया है। एक अधिकारी ने बताया कि राज्य सरकार ने पहले कक्षा ६वीं से १२वीं तक के स्कूलों को २३ नवंबर से और बाद में छोटी कक्षाओं को खोलने की अनुमति दी थी। लेकिन कोरोना के नए मामलों और दिवाली के बाद होने वाली मौतों को देखते हुए बीएमसी ने ३१ दिसंबर तक उस आदेश को लागू न करने के खिलाफ फैसला किया है। साथ ही राज्य सरकार ने स्थानीय जिला प्रशासनों को कोविड–१६ को लेकर जमीनी स्तर के आधार पर उनके अधिकार क्षेत्र में आने वाले स्कूल–कॉलेजों को फिर से खोलने का निर्णय लेने की जिम्मेदारी दी है। तब तक सभी स्कूल वीडियो–कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कक्षाएं लेते रहेंगे। कोरोना प्रकोप शुरू होने के बाद से ही देश में मुंबई सबसे ज्यादा प्रभावित हुई है। यहां १०,६२७ मौतें हुईं और २,७२,४५५ मामले सामने आए। अब यहां राज्य और नागरिक प्राधिकरण ने दूसरी लहर की आशंका जताई है।

# गुलमर्ग में पारा शून्य से ७ डिग्री नीचे

श्रीनगर। जम्मू और कश्मीर के गुलमर्ग में इस सीजन का सबसे कम तापमान माइनस ७ डिग्री सेल्सियस शुक्रवार को रिकॉर्ड किया गया। इसके साथ ही ये विश्व प्रसिद्ध स्की रिसॉर्ट शीतकालीन खेल प्रेमियों का स्वागत करने के लिए तैयार है। स्विट्जरलैंड के बाद दुनिया में बर्फ की ढलानों वाला गुलमर्ग शीतकालीन खेल प्रेमियों के लिए एक पसंदीदा जगह है। गुलमर्ग गंडोला के नाम से जानी जाने वाली केबल कार परियोजना स्की करने वालों को अफारवाट तक ले जाती है जो समुद्र तल से ४,३६० मीटर की ऊंचाई पर स्थित है। यहां से वो कटोरे के आकार के घास के मैदान



में स्कीप कर सकते हैं। गुलमर्ग की बर्फीली भव्यता में चार चांद लगाने के लिए कश्मीर में आने वाले दिनों में और अधिक बारिश और बर्फबारी का अनुमान लगाया गया है। स्थानीय मौसम कार्यालय के निदेशक सोनम लोटस ने कहा, २३–२४ नवंबर को रात के दौरान मध्यम बारिश/बर्फ का एक और दौर शुरू होने की संभावना है। शुक्रवार को जम्मू–कश्मीर में गुलमर्ग सबसे ठंडा स्थान था, वहीं श्रीनगर में १ डिग्री और पहलगाम में शून्य से २.४ डिग्री कम न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया। जम्मू संभाग में, जम्मू शहर में ६.२ डिग्री, बनिहाल में ०.४ डिग्री, बटोट में २.६ डिग्री, कटरा में ८.४ डिग्री, और भद्रवाह में दिन के न्यूनतम तापमान के रूप में १.४ डिग्री दर्ज किया गया।

# बढ़ते संक्रमण बाद कड़े फैसले

नई दिल्ली। देश भर में वायरस संक्रमण की बढ़ती संख्या से केंद्र और राज्य सरकारों का रूख बदला है। गुजरात, मध्य प्रदेश के महानगरों में शादी के सीजन शुरू होने से पहले रात नौ बजे से रात्रि कर्फ्यू का आदेश जारी हुआ है तो दिल्ली में मास्क नहीं पहने होने पर दो हजार रू के जुरमाने और घर–घर सर्वे शुरू हुआ है। राजस्थान में २१ नवंबर से धारा–१४४ लागू करने का सरकार ने निर्णय लिया है। इस बीच शुक्रवार को सक्रमितों का आंकड़ा ६० लाख के पार हो गया। यदि संक्रमण की दर इतनी ही तेज रही तो संक्रमण संख्या के एक करोड़ तक पहुंचने में देरी नहीं लगेगी। भारत में अब तक कोरोना के ६०,२४,५६० मामले सामने आ चुके हैं जिनमें से ४,४३,६७४ केस ऐक्टिव हैं जबकि ८४,४६,५४३ लोग संक्रमण मुक्त हो चुके हैं। कोरोना संक्रमण की वजह से अबतक १,३२,३४० लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। केरल में शुक्रवार को कोरोना वायरस संक्रमण के ६,०२८ नए मामले सामने आए जिससे राज्य में कोविड–१६ के कुल मामले बढ़कर ५,४६,५४१ हो गए। राज्य की स्वास्थ्य मंत्री के के शैलजा ने यह जानकारी दी। मंत्री ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि ६,३६८ लोगों के बीमारी से ठीक होने के साथ, अब तक संक्रमण मुक्त हुए लोगों की संख्या ४,८१,७१८ हो गई जबकि ६७,८३१ लोगों का अभी इलाज चल रहा है। उत्तर प्रदेश में पिछले २४ घंटे में कोविड–१६ से २० और लोगों की मौत हो गई तथा संक्रमण के २,८४० नए मामले सामने आए हैं। राज्य में अब तक कुल ५,२१,६८८ लोग कोरोना वायरस से संक्रमित हुए हैं। मध्यप्रदेश में कोरोना संक्रमण के १५२८ नए मामले सामने आने के बाद शुक्रवार को एक्टिव केस बढ़कर १० हजार के पार हो गए। उत्तराखंड में कोविड–१६ के ५१२ नए मामले देहरादून, २० नवंबर (भाषा) उत्तराखंड में शुक्रवार को कोविड–१६ के ५१२ नए मामले सामने आए तथा पांच और मरीजों ने महामारी से दम तोड़ दिया । प्रदेश के स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी बुलेटिन के अनुसार महामारी के ५१२ नए मामले आने के साथ ही प्रदेश में कोरोना वाय्ररस से संक्रमित लोगों की संख्या बढ़कर ७०,२०५ हो गयी है। तेलंगाना में कोरोना वायरस संक्रमण के ८६४ नये मामले सामने आये जिससे प्रदेश में संक्रमितों की कुल संख्या २.६१ लाख से अधिक हो गयी है । इसके साथ ही संक्रमण के कारण सूबे में चार और लोगों की मौत के साथ ही मरने वालों का आंकड़ा १,४२३ हो गया है । सरकार ने शुक्रवार मध्यप्रदेश में कोरोना की बढ़ती हुयी रफ्तार को थामने के उद्देश्य से भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, रतलाम और विदिशा जिलों में रात्रिकालीन कर्फ्यू लगाने का निर्णय आज लिया गया। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राज्य में कोरोना की स्थिति की उच्च स्तरीय बैठक में समीक्षा के बाद यह फैसला लिया। श्री चौहान ने बताया कि २१ नवंबर से भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, रतलाम और विदिशा जिलों में रात्रि दस बजे से सुबह छह बजे तक कर्फ्यू लागू रहेगा। कोरोना की स्थिति पर नियंत्रण होने तक कर्फ्यू लागू रहेगा। कर्फ्यू के दौरान दुकानें और व्यावसायिक प्रतिष्ठान बंद रहेंगे। बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार कंटेनमेंट जोन (प्रतिबंधित क्षेत्र) को छोड़कर किसी भी जिले या शहर में लकडाउन नहीं लगाया जाएगा। अंतर्राज्यीय एवं अंतर जिला परिवहन सतत और निर्बाध रूप से चलेगा। कक्षा एक से आठ तक सभी स्कूल ३१ दिसंबर तक बंद रहेंगे। कक्षा नौ से १२ तक के स्कूली छात्र छात्राएं और कलेज के विद्यार्थी प्रशासनिक दिशा निर्देशों का पालन करते हुए स्कूल कालेज आ–जा सकेंगे। कोरोना वायरस (कोविड–१६) के तेजी से बढ़ रहे मामलों के बीच विश्व में इससे संक्रमित होने वाले लोगों की संख्या ५.६८ करोड़ के पार पहुंच गयी है और अब तक १३.५६ लाख से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। पूरे विश्व में दर्ज किये गए कोरोना के कुल मामलों में से लगभग ४८ प्रतिशत मामले अमेरिका, भारत और ब्राजील के हैं। इस महामारी से संक्रमित लोगों और मृतकों की संख्या के मामले में पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर क्रमशरू अमेरिका, भारत और ब्राजील है। इस संक्रमण से तेजी से मुक्त होने वाले लोगों की संख्या के मामलों में भारत, ब्राजील और अमेरिका क्रमशः पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। अमेरिका की जॉन हॉपकिन्स यूनिवर्सिटी के विज्ञान एवं इंजीनियरिंग केन्द्र (सीएसएसई) की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार विश्व के १६० देशों में कोरोना वायरस से अब तक ५६,८२२,६०६ लोग संक्रमित हुए हैं और १,३५६,१२० लोगों की मौत हुई है। कोरोना से सबसे अधिक प्रभावित अमेरिका इस महामारी से संक्रमितों और मृतकों के मामले में यह पहले स्थान पर है और संक्रमण से मुक्त होने वाले लोगों के मामले में यह तीसरे स्थान पर है। अमेरिका में अब तक ११,७१३,२४२ लोग संक्रमित हुए हैं और २५२,५१४ मरीजों की मौत हुयी है। ब्राजील कोरोना संक्रमितों के मामले में तीसरे स्थान पर और इससे मुक्ति पाने और मृतकों के आंकड़े में दूसरे स्थान पर है। देश में कोरोना वायरस की चपेट में आने वाले लोगों की संख्या ५६.८१ लाख से पार हो गयी है जबकि १६८,०६१ लोग काल के गाल में समा गए हैं। फ्रांस में अब तक २१.३७ लाख से अधिक लोग इससे प्रभावित हुए हैं और ४७,२०१ मरीजों की मौत हो चुकी है। रूस में कोरोना से संक्रमित होने वालों की संख्या १६.६८ लाख से ज्यादा हो गई है और अब तक ३४,५२५ लोगों की मौत हो गई है। स्पेन में इस महामारी से अब तक करीब १५.४१ लाख से अधिक लोग संक्रमित हुए हैं तथा ४२,२६१ लोगों की मौत हुई है। ब्रिटेन में अभी तक करीब १४.५६ लाख लोग संक्रमित हुए हैं तथा ५३,८७० लोगों की मौत हो चुकी है।

# विश्व के लिए बेहतरीन उदाहरण है भारत–भूटान का संबंध : मोदी


नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भूटान के प्रधानमंत्री डॉ. लोटे शेरिंग ने संयुक्त रूप से शुक्रवार को एक वर्चुअल समारोह में भूटान में रुपे कार्ड के दूसरे चरण का शुभारंभ किया। अगस्त २०१६ में प्रधानमंत्री मोदी की राजकीय यात्रा के दौरान भारत और भूटान के प्रधानमंत्रियों ने संयुक्त रूप से इस परियोजना के पहले चरण का शुभारंभ किया था। प्रधानमंत्री मोदी ने रुपे कार्ड के दूसरे चरण का शुभारंभ करते हुए कहा, सभी भारतीयों की तरह मेरे मन में भी भूटान के लिए विशेष प्यार और मित्रता है। जब भी आपसे मिलता हूं तो एक खास अपनेपन की अनुभूति होती है। भारत और भूटान के विशिष्ट संबंध न सिर्फ दोनों राष्ट्रों के लिए अहम हैं, बल्कि विश्व के बेहतरीन उदाहरण है।



प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, मुझे यह जानकर खुशी हुई कि भूटान में पहले ही रुपे के ११,००० सफल लेनदेन हो चुके हैं। अगर कोविड–१६ नहीं हुआ होता, तो यह संख्या बहुत अधिक होती। हम रुपे कार्ड योजना के दूसरे चरण का शुभारंभ कर रहे हैं। बता दें कि रुपे कार्ड के पहले चरण के क्रियान्वयन ने पूरे भूटान में एटीएम और प्वाइंट ऑफ सेल (पीओएस) तक भारतीय आगंतुकों की पहुंच को सुगम बनाया है। अब इसका दूसरा चरण भूटानी कार्डधारकों को भारत में रुपे नेटवर्क का उपयोग करने में समर्थ बनाएगा। भारत और भूटान के बीच एक विशेष साझेदारी है जो आपसी समझ एवं सम्मान से प्रेरित, साझा सांस्कृतिक विरासत और लोगों से लोगों के बीच मजबूत संबंध से समृद्ध है।

# अमित शाह कल से तमिलनाडु के दो दिवसीय दौरे पर

चेन्नई। बिहार विधानसभा चुनाव में मिली कामयाबी से उत्साहित भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता एवं केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह तमिलनाडु में पार्टी की स्थिति मजबूत करने के मद्देनजर कल से राज्य के दो दिवसीय दौरे पर होंगे। तमिलनाडु में २०२१ में होने वाले विधानसभा चुनावों को लेकर भाजपा प्रदेश में अपनी स्थिति को मजबूत करना चाहती है इसलिए शाह का यह दौरा काफी अहम माना जा रहा है। तमिलनाडु पारंपरिक रूप से अन्नाद्रमुक और द्रमुक जैसी पार्टियों का गढ़ रहा है लेकिन भाजपा बिहार चुनाव में मिली कामयाबी से उत्साहित है और इस दक्षिण भारतीय राज्य में अपनी स्थिति को मजबूत करना चाहती है। शाह एक सरकारी कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे और विभिन्न योजनाओं की घोषणा करेंगे। इसके बाद भाजपा के पूर्व अध्यक्ष पार्टी के पदाधिकारियों और जिला प्रभारियों से मुलाकात करके आगामी विधानसभा चुनावों की रणनीति पर चर्चा करेंगे। इसके अलावा वह एक पांच सितारा होटल में आयोजित होने वाली भाजपा की कोर समिति की बैठक में भी हिस्सा लेंगे। एल मुरुगन के भाजपा का प्रदेश अध्यक्ष



बनने के बाद शाह का यह पहला तमिलनाडु दौरा है इसलिए पार्टी की ओर से केन्द्रीय गृह मंत्री का स्वागत करने के लिए हवाई अड्डे से होटल तक भव्य तैयारियां की जा रही हैं। इस दौरान कोरोना प्रोटोकॉल का सख्ती से पालन किया जायेगा। शाह के दौरे को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं और पुलिस के पांच हजार से अधिक जवानों को तैनात किया गया है।

# नागरोटा मुठभेड़ बाद उच्च स्तरीय बैठक

नई दिल्ली। जम्मू के नागरोटा में चार आतंकवादियों के सुरक्षा बलों के साथ भीषण मुठभेड़ में मारे जाने के एक दिन बाद प्रधानमंत्री



नरेन्द्र मोदी ने आज यहां एक उच्च स्तरीय बैठक में स्थिति की समीक्षा की। मुठभेड़ के बाद इस बात के संकेत मिले हैं कि आतंकवादी मुंबई हमले की बारहवीं बरसी यानी २६ नवम्बर के आस–पास बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में थे। यह जानकारी मिलने के बाद प्रधानमंत्री ने गृह मंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल हौर विदेश सचिव हर्षवर्धन श्रृंगला तथा खुफिया एजेन्सियों और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की। मुठभेड़ के बाद जांच में खुफिया एजेन्सियों को पता चला है कि मारे गये आतंकवादी जैश ए मोहम्मद के थे और वे मुंबई हमलों की १२ वीं बरसी से पहले किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की साजिश के तहत यहां आये थे। उल्लेखनीय है कि मारे गये आतंकवादियों के पास से बड़ी मात्रा में हथियारों का जखीरा बरामद किया गया है। सुरक्षा बलों का कहना है कि हाल फिलहाल इतनी बड़ी संख्या में पहली बार इतने हथियार बरामद हुए हैं। बैठक के बाद श्री मोदी ने ट्विट कर सुरक्षा बलों के अदम्य साहस और बहादुरी की सराहना करते हुए आतंकवादियों के मंसूबों पर पानी फेरने के लिए उन्हें धन्यवाद दिया।

# कांग्रेस में बनी तीन नई समितियां

नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने विदेश, राष्ट्रीय सुरक्षा और आर्थिक मामलों से जुड़ी नीतियों एवं मुद्दों पर विचार के लिये तीन



समितियों का गठन किया है। इन तीनों समितियों में पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह शामिल हैं। पार्टी के संगठन महासचिव के सी वेणुगोपाल की ओर से जारी बयान के मुताबिक, कांग्रेस अध्यक्ष द्वारा गठित ये समितियां विदेश, राष्ट्रीय सुरक्षा और आर्थिक मामलों को लेकर नीतियों और मुद्दों पर विचार कर उन्हें सूचित करेंगी।आर्थिक मामलों की समिति में मनमोहन सिंह के अलावा पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम, वरिष्ठ नेता मल्लिकार्जुन खड़गे और दिग्विजय सिंह शामिल हैं। जयराम रमेश इस समिति के संयोजक होंगे। विदेश मामलों की समिति में मनमोहन, वरिष्ठ नेता आनंद शर्मा, सांसद शशि थरूर और सप्तगिरी उलका शामिल हैं। पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद इस समिति में संयोजक बनाए गए हैं।राष्ट्रीय सुरक्षा संबंधी समिति में मनमोहन सिंह, राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष गुलाम नबी आजाद, वरिष्ठ नेता वीरप्पा मोइली और वैथिलिंगम शामिल हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री विंसेट पाला इस समिति के संयोजक होंगे।

# कांग्रेस में बनी तीनों समितियों में पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह शामिल

नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने विदेश, राष्ट्रीय सुरक्षा और आर्थिक मामलों से जुड़ी नीतियों एवं मुद्दों पर विचार के लिये तीन समितियों का गठन किया है। इन तीनों समितियों में पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह शामिल हैं। पार्टी के संगठन महासचिव के सी वेणुगोपाल की ओर से जारी बयान के मुताबिक, कांग्रेस अध्यक्ष द्वारा गठित ये समितियां विदेश, राष्ट्रीय सुरक्षा और आर्थिक मामलों को लेकर नीतियों और मुद्दों पर विचार कर उन्हें सूचित करेंगी।आर्थिक मामलों की समिति में मनमोहन सिंह के अलावा पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम, वरिष्ठ नेता मल्लिकार्जुन खड़गे और दिग्विजय सिंह शामिल हैं। जयराम रमेश इस समिति के संयोजक होंगे। विदेश मामलों की समिति में मनमोहन, वरिष्ठ नेता आनंद शर्मा, सांसद शशि थरूर और सप्तगिरी उलका शामिल हैं। पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद इस समिति में संयोजक बनाए गए हैं।राष्ट्रीय सुरक्षा संबंधी समिति में मनमोहन सिंह, राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष गुलाम नबी आजाद, वरिष्ठ नेता वीरप्पा मोइली और वैथिलिंगम शामिल हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री विंसेट पाला इस समिति के संयोजक होंगे।

# महिला मित्र के खिलाफ मुकदमा

लखनऊ। राजधानी के हसनगंज क्षेत्र में बीते जुलाई में निर्सिंग छात्र अमन चौधरी की मौत के मामले में नया मोड़ आया है। अमन के पिता ने उसकी दोस्त के खिलाफ हत्या कर शव गोमती में फेंके जाने का आरोप लगाया है। न्यायालय के आदेश पर उन्होंने बेटे के दोस्त वर्षा के खिलाफ हसनगंज कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।बीते, २७ जुलाई को हसनगंज क्षेत्र में गोमती नदी में शव उतराता मिला था। सूचना पर पहुंचे एसजीपीजीआइ परिसर निवासी धर्मेश कुमार ने शव की शिनाख्त कपड़े और मोबाइल के आधार पर बेटे अमन के रूप में की थी। धर्मेश ने बताया कि उनका बेटा बहुत हिम्मती था वह आत्महत्या नहीं कर सकता है। वहीं, पुलिस आत्महत्या की बात कह रही थी। वह हत्या कर शव फेंके जाने की आशंका जता रहे थे।धर्मेश के मुताबिक २३ जुलाई की रात वर्षा का फोन आया था। इसके बाद वह बेटा वापस हॉस्टल चला गया था। बेटे की मौत के बाद वह उसके हॉस्टल गए थे तो कमरे में लेडीज चप्पल मिली थीं। उन्होंने वर्षा के परिवार वालों से अमन की मेल आइडी और पासवर्ड भी मांगा था पर उन्होंने नहीं दिया था। धर्मेश ने बताया कि थाने से लेकर वह आलाधिकारियों के यहां न्याय की गुहार करते रहें। क्योंकि बेटे की हत्या हुई थी। सुनवाई न होने पर उन्होंने न्यायालय में अर्जी दी। न्यायालय के आदेश पर मंगलवार रात हसनगंज कोतवाली में वर्षा के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ। धर्मेश ने बताया कि बेटा पढ़ाई के कारण खदरा स्थित न्यू ब्वायज हॉस्टल में रहता था।

# डीए रोके जाने की राहुल ने की आलोचना

नई दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम– पीएसयू कर्मचारियों का महंगाई भत्ता–डीए अगले साल जून तक रोकने के केंद्र सरकार के निर्णय की आलोचना करते हुए शुक्रवार को कहा कि सरकार मुनाफा कमाने में लगी है और उसे कर्मचारियों की चिंता नहीं है। श्री गांधी ने कहा "खाद्य पदार्थ का महंगाई दर ११.१ प्रतिशत पार! लेकिन मोदी सरकार के केंद्रीय पीएसयू कर्मचारियों का डीए बढ़ाने की बजाय फ्रीज कर रही है। सरकारी कर्मचारियों की हालत पस्त, पूँजीपति 'मित्र' मुनाफा कमाने में मस्त! "इससे पहले कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि केंद्र सरकार ने पीएसयू कर्मचारियों का महंगाई भत्ता ३० जून तक रोक दिया है जिससे साढ़ी १४.५ लाख से अधिक कर्मचारी प्रभावित हुए हैं। उन्होंने कहा कि महंगाई ने लोगों का जीवन दूभर कर दिया है और अक्टूबर में महंगाई दर में ७.६१ प्रतिशत और खाद्य पदार्थों में ११.६ प्रतिशत की वृद्धि हुई है जो चिंता का कारण है।

# नई शिक्षा नीति आने के बाद विद्यार्थी की डिग्री होगी मजबूत : योगी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के १०० वर्ष पूरे होने पर शताब्दी उत्सव समारोह की शुरूआत गुरुवार को विश्वविद्यालय परिसर से हुई। समारोह का उद्‌घाटन करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि लखनऊ की जमीन पर स्थापित लखनऊ विश्वविद्यालय ने अपने १०० साल पूरे कर लिए हैं, इन बीते हुए सालों में विश्वविद्यालय ने देश को एक से बढ़कर एक महान हस्तियां दी है, जिसमें राष्ट्रपति, न्यायमूर्ति ,राजनेता,अफसर, आचार्य और वैज्ञानिक के साथ देश के बड़े व्यापारी भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि लखनऊ विश्वविद्यालय की १०० वर्ष की शानदार यात्रा के लिए बधाई। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोविडि१६ की चुनौती के बीच नई शिक्षा नीति भी आई है। दोनों में से बहुत कुछ हम ले सकते हैं। उन्होने कहा कि सामान्य अवसर पर सब योग्यता प्रदर्शित की जा सकती है लेकिन चुनौती से तप कर ही सोना बनता है। कोविड काल में शिक्षा को आगे बढ़ाने में विश्वविद्यालय अपना योगदान दे रहा है। उन्होंने कहा कि इस बात की मुझे बेहत खुशी हो रही है कि देश के १० पुराने विश्वविद्यालयों में लखनऊ विश्वविद्यालय भी शामिल हो गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक भारत श्रेष्ठ भारत को भी विश्वविद्यालय ने आगे बढ़ाया है। उन्होंने कहा विश्वविद्यालय के इतिहास में १०० साल की उपलब्धियां बहुत हैं। जब हम इन उपलब्धियों का मूल्यांकन करेंगे तब एक–एक उपलब्धि दिखाई देगी। भारत मे ज्ञान की बात केवल परीक्षा पास



करने तक नहीं है। हमारा उद्देश्य सा विद्या या विमुक्तकये है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नई शिक्षा नीति आने के बाद विद्यार्थी की डिग्री मजबूत होगी। छात्र डिग्री पाने के बाद कुछ करने की स्थिति में रहेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति को साथ जोड़ना होगा। मैं देखता हूं कि हमने संस्थान खोल दिये मगर उनको जनसरोकार से उनको दूर कर दिया। संस्थान का हिस्सा केवल छात्र या आचार्य ही नहीं होते हैं। अभिभावक और पूर्व छात्र बहुत महत्वपूर्ण होते हैं। इस मौके पर पर उपस्थित प्रदेश के उपमुख्यमंत्री डॉ दिनेश शर्मा ने कहा कि विश्वविद्याल के इतिहास पर नजर डालें तो १०० साल में सैकड़ों मेधावी विद्यार्थी यहां से निकले हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री का शिक्षा से काफी लगाव है। यही कारण है कि वह खुद चाहते हैं कि विश्वविद्यालयों में शोध कार्यों को बढ़ावा मिले। डॉ शर्मा ने कहा कि सरकार लगातार शोध कार्यों के लिए धनराशि उपलब्ध करवा रही है। सेंटर आफ एक्सीलेंस के ढाई करोड़ से अधिक की धनराशि दी गई है। डिजिटल लाइब्रेरी में ११ हजार ई कंटेंट आए। डिजिटल लायब्रेरी में अनेक अहम लेक्चर निश्शुल्क उपलब्ध हैं। मेस के निर्माण के लिए तीन करोड़ रुपये दिए। आवासों के निर्माण के लिए भी बजट उपलब्ध करवाया गया। इस मौके पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक राय ने जानकारी देते हुए बताया कि विश्वविद्यालय कई उपलब्धियों की ओर तेजी से बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री का हम सबके बीच आना गर्व की बात है, और विश्वविद्यालय ये अपेक्षा करता है कि आगे भी वह विश्वविद्यालय की घ्हर स्थिति में सहायता करते रहेंगे। प्रोफेसर राय ने कहा कि उपमुख्यमंत्री डॉ दिनेश शर्मा ने सेंटर आफ एक्सीलेंस में मदद की। मैं सभी का स्वागत करता हूं। उन्होंने कहा नई शिक्षा नीति के ६० फीसद प्राविधान का पालन करने वाला पहला विश्वविद्यालय हैं। नया डिलिट् आर्डिनेंस और पीएचडी आर्डिनेंस का पालन किया है। लखनऊ विश्वविद्यालय के शताब्दी वर्ष समारोह के पहले दिन हैरिटेज वॉक में शहर–ए–लखनऊ की पुरानी विरासत देखने को मिली। इक्का पर सवार नवाब मीर जाफर अब्दुल्ला जहां पुरानी पोशाक में नजर आए तो कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय, शताब्दी वर्ष समारोह की समन्वयक प्रो निशी पांडेय और नवाब मसूद अब्दुल्ला के साथ इक्का के पीछे बैठे दिखायी दिए। विश्वविद्यालय शताब्दी समारोह सप्ताह के पहले दिन हैरिटेज वॉक विश्वविद्यालय के परिसर में गेट नंबर एक से शुरू हुई और लाल बारादरी तक पहुंची। इस दौरान जमकर लोग सेल्फी लेते नजर आये।

# जल्द शुरू होगी बेसिक शिक्षकों की भर्ती

लखनऊ। बेसिक शिक्षा परिषद में ६६ हजार शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया जल्द ही पूरी की जायेगी। ये बात बुधवार को बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार ड सतीश चन्द्र द्विवेदी ने सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने के बाद कही। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के फैसले को स्वागत योग्य बताया। उन्होंने कहा कि सभी चयनित अभ्यर्थियों मैं बधाई देता हूं, उन्होने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय से शिक्षक भर्ती प्रक्रिया का मार्ग प्रशस्त हुआ है और इस फैसले का दूरगामी परिणाम होगा। डा. द्विवेदी ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार के गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के प्रारूप पर सर्वोच्च न्यायालय ने मुहर लगा कर पूरे देश में ये संदेश दिया है कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा हर गांव, गरीब, मजदूर, किसान का अधिकार है जिसको ध्यान में रखते हुए वर्तमान सरकार कार्य कर रही है। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट ने सरकार के पक्ष में फैसला देते हुए बढ़ी हुई कटआफ के तहत भर्ती का आदेश दिया है। डा. द्विवेदी ने कहा कि न्यायालय के निर्देशानुसार बेसिक शिक्षा विभााग की ओर से ६६ हजार शिक्षक भर्ती में से ३१ हजार २७७ पदों पर शिक्षक भर्ती प्रक्रिया पूरी की जा चुकी हैं, शेष पदों पर न्यायालय का निर्णय प्राप्त होते ही शिक्षक भर्ती प्रक्रिया शीध्र पूरी की जायेगी। डॉ द्विवेदी ने कहा कि शिक्षामित्रों के सम्बन्ध में न्यायालय की ओर से शिक्षक भर्ती में एक और अवसर दिये जाने का जो निर्देश दिया गया है उसका स्वागत करता हूं और अगली जो भी शिक्षक भर्ती प्रक्रिया होगी उसमें शिक्षामित्रों को एक और अवसर प्रदान किया जायेगा।

# दो वर्षों में कई बार निकला टेंडर लेकिन नहीं हो सका फानइल

लखनऊ। बीते दो वर्षों यानि की वर्ष २०१८ से अभी तक बिजली कम्पनियों के बिलिंग सॉफ्टवेयर का टेंडर फाइनल नहीं हो सका है। ऐसा नहीं होने से विभाग को अभी तक साफ्टवेयरों को दुरुस्त कराने में करोड़ों रुपये खर्च हो गए हैं। वहीं प्रदेश के बिलिंग व्यवस्था के साथ ही लाखों उपभोक्ता प्रभावित हो गए। बताया जा रहा है कि टेंडर निकलता है और कैंसिल हो जाता है। इसके पीछे कुछ अभियंताओं की लाबिंग है। वे अपनी अपनी कंपनियों को टेंडर दिलाना चाह रहे हैं। इस वजह से दो वर्षों से अभी तक टेंडर नहीं फाइनल हो सका। उ.प्र राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने गुरुवार को टेंडर के संबंध में ऊर्जामंत्री श्रीकांत शर्मा से शक्तिभवन उनके कार्यालय में मुलाकात की। इस दौरान एक लिखित लोकमहत्व प्रस्ताव सौपते हुए पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग की। उन्होंने कहा कि टेंडर को अभी तक दो वर्षों तक क्यों लटकाया गया, दोषियों पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए। ऊर्जा मंत्री श्रीकांत शर्मा ने पूरे मामले की गम्भीरता को देखते हुए अपर मुख्यसचिव को पूरे मामले की गम्भीरता से छानबीन व कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। मंत्री ने उपभोक्ता परिषद अध्यक्ष को आश्वासन दिया कि मामला गंभीर है सरकार कठोर कदम उठाएगी पूरे मामले की जांच होगी। बता दें कि पूरे प्रदेश के लिए बिलिंग सॉफ्टवेयर जो काम कर रहे है उसमे वर्तमान में शहरी क्षेत्र ने एचसीएल व ग्रामीण क्षेत्र में फ्लुएन्ड्रिग्रड द्वारा देखा जा रहा दोनों की प्रोजेक्ट टाइम लाइन पूरी हो गयी है। एक का थोड़ा समय बाकी है। सभी को पता है कि आए दिन इसमे कमियां आती रहती है। पिछले वर्ष २०१८ से अनेकों बार नया टेंडर निकला। लेकिन फाइनल नहीं हुआ। जब भी पता किया गया तो पता चला की शक्तिभवन में तैनात कुछ अभियंता अपनी अपनी लबिंग में लगे हैं और टेंडर निकलता है फिर कैंसिल होता है। यह बात उच्च प्रबंधन के भी संज्ञान में है जो बहुत ही गंभीर मामला है। एक बार डाटा सेंटर बंद भी हो चुका है। आए दिन इसमे सुधार के लिए करोड़ों खर्च हो रहा जो बहुत गंभीर मामला है, पूरा सिस्टम एक ही सॉफ्टवेयर व शिकायती पत्र पर इंटीग्रेटेड होना चाहिए। लेकिन यहां पर २५ से ज्यादा अप्लीकेशन और एप्प अलग–अलग कम्पनियों के ऐसी सिस्टम में इंटेग्रेटेड है। यदि नया टेंडर फाइनल हो जाता तो सभी सुविधा एक ही साथ ली जा सकती है। अवधेश वर्मा ने मांग किया कि अविलंब बिलिंग की नयी व्यवस्था लागू कर, पूरे बिलिंग, आईटी विंग की उच्च स्तरीय तकनीकी कमेटी से जांच कराई जाय। जिससे सामने आ सके कि अब तक कितनी फिजूल खर्ची हुई है इसके लिए कौन जिम्मेदार है। गौरतलब है कि पिछले लगभग पांच वर्षो से ७० लाख से ज्यादा उपभोक्ताओं को उनकी सिक्योरटी पर ब्याज सिर्फ इसलिए नहीं मिला, क्योंकि उनकी जमा सिक्योरटी जीरो फीड है या नाम मात्र है।

# युवक लापता, तालाब के बाहर मिले कपड़े और चप्पल

लखनऊ। दोस्तों संग पार्टी मनाने के लिए निकले पीजीआइ क्षेत्र निवासी रजत (२४) लापता हो गए। वृंदावन कलोनी स्थित एक तालाब के बाहर उसके कपड़े, चश्मा और जूते मिले हैं। तालाब में डूबने की आशंका से पुलिस गोताखोरों की मदद से तालाब में रजत की खोजबीन करा रही है, लेकिन खबर लिखे जाने तक उसका कुछ सुराग नहीं लग सका था। दो दिन बाद नौकरी के लिए एक कंपनी में इंजीनियरिंग के पद पर उसकी ज्वाइनिंग उत्तराखंड में होनी थी। पीजीआइ क्षेत्र के कृष्ण विहार कॉलोनी निवासी मीसा बाजपेयी उत्तराखंड में सिविल इंजीनियर के पद पर तैनात हैं। उनके बेटे रजत ने बीते सालों बीटेक की पढ़ाई पूरी की थी। रजत यहां अपनी मां अलका के साथ रहता है। अलका प्राथमिक विद्यालय में शिक्षिका हैं। अलका के मुताबिक मंगलवार को बेटा कुछ दोस्तों के साथ पार्टी करने की बात कहकर निकला था। उसके बाद से वह नहीं लौटा। देर रात तक बेटे के न लौटने पर उसके दोस्त अर्पित से पूछताछ की तो उसने कहा कि रात वृंदावन कलोनी सेक्टर तीन स्थित एक निजी विद्यालय के पास छोड़ा था। उसके बाद कुछ नहीं पता। परिवार वाले काफी खोजबीन करते रहें पर कुछ पता न चला और मोबाइल मिलाया तो वह भी स्विच अफ मिला। इसके बाद उन्होंने पीजीआइ थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई।परिवार वाले खोजबीन ही कर रहे थे तभी बुधवार दोपहर वृंदावन सेक्टर–१२ स्थित एक तालाब के बाहर रजत का जूता, कपड़े, चश्मा और मोबाइल फोन रखा मिला। परिवार वालों ने कपड़े–जूता और मोबाइल देखकर बताया कि यह कपड़े रजत के ही हैं। इस पर पुलिस ने गोताखोरों की मदद से रजत की तालाब में खोजबीन शुरू कराई पर देर शाम खबर लिखे जाने तक रजत का कुछ पता नहीं चल सका था। अब पुलिस पंप से तालाब का पानी निकलवा रही है।

# कायदा न कानून, न कोई ट्रैफिक प्लान

## बाजार में अतिक्रमण, वाहनों की पार्किंग नहीं, हर समय रहता है ट्रैफिक जाम

**बनवारी लाल कुशवाहा**

शिकोहाबाद। सहालगों के चलते इन दिनों नगर के प्रमुख बाजारों में दिन भर खरीदारों की भीड़ लगी हुई है। अनियंत्रित ट्रैफिक के कारण कस्बे के आधा दर्जन बाजारों में हर घंटे जाम लग रहा है। इसके कारण वाहनों का निकलना तो दूर पैदल निकलना भी मुश्किल है। जाम लगने का मुख्य कारण नगर में पार्किंग व्यवस्था का अभाव है। इन दिनों शादी विवाह के सीजन के चलते नगर के कटरा बाजार, बडा बाजार में कपड़ा बाजार, सर्राफा बाजार, किराना, रेडीमेड, बर्तन व इलेक्ट्रॉनिक्स बाजारों में खरीदारी के लिए ग्रामीण अंचलों से हजारों की संख्या में लोग आ रहे हैं। कटरा बाजार में खरीददारी के लिए आने वाले ग्रामीण अंचलों के लोग ट्रैक्टर–ट्रॉलियों के अलावा दुपहिया वाहनों से भी आते हैं और वाहनों को सड़कों पर खड़ा कर दुकानों पर खरीदारी शुरू कर देते हैं। जब तक वह खरीददारी में व्यस्त रहते हैं उस दौरान वाहन सड़क पर ही खड़े रहते हैं। शुक्रवार को भी कटरा बाजार, पंजाबी कॉलोनी में घण्टो भीषण जाम की स्थित रही लोग, जाम मे फसें लोग प्रशासन को कोसते नजर आये। नगर में लग रहे भीषण जाम की व्यवस्था बनाने के लिए न तो प्रशासन द्वारा प्रयास किए जा रहे हैं ओर न ही पुलिस इस दिशा में कोई कार्रवाई कर रही है। इस कारण आम जनमानस को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रेडीमेड बाजार में दुकानों के बाहर रहती है लंबी कतार कटरा बाजार कपड़ों का मुख्य बाजार है। वहीं बडा बाजार, पंजाबी कॉलोनी और एटा तिराहा पर इलेक्ट्रॉनिक्स व फर्नीचर के सामान की दुकानें हैं। जिसके कारण वाहनों की लंबी कतार यहां रहती है जिससे जाम लग जाता है।

### प्रशासन-पुलिस इस दिशा में नहीं करती कारवाई



### ऐसे हो सकता है समाधान

बाजारों में लोडिंग वाहन, ट्रैक्टर–ट्रॉलियों के प्रवेश पर पूरी तरह रोक लगाई जाए। दुपहिया वाहनों के लिए कम से कम चार या पांच स्थानों पर अस्थाई पार्किंग की व्यवस्था की जाए। बाजार की सड़कों पर पसरे अस्थाई अतिक्रमण को मुहिम चलाकर साफ कराया जाए। बाजार में लगने वाले ठेलों के लिए हकर्स जोन बनाकर उन्हें शिफ्ट किया जाए। पुलिस की मौजूदगी बाजार में रहे और नियम तोड़ने वालों पर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

# लूप लाइन पर पटरी से उतरे मालगाड़ी दो डिब्बे, रेलवे अधिकारियों में मचा हड़कंप

**बनवारी लाल कुशवाहा**

शिकोहाबादः शुक्रवार दोपहर १२ बजे के करीब फर्रूखाबाद लूप लाइन पर शिकोहाबाद जंक्सन से लाइन व स्लीपर लाद कर शिकोहाबाद यार्ड में डम्पिंग के लिए ले जा रही एक माल वाहक मालागाडी के दो डिब्बे पटरी से उतर गए। हादसें की जानकारी मिलते ही रेलवे प्रशासन में हड़कंम्प मच गया है। जीआरपी व आरपीएफ की टीम व रेलवे अधिकारी आनन फानन में मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। करीब दो घण्टे की कडी मश्क्कत के बाद मशीनों की सहायता से दोपहर दो बजे तक मालगाड़ी के डिब्बों को मशीनों की सहायता से उठाया गया। स्टेशन अधिक्षक रमेश लाल मीणा ने बताया की अभी तक यह पता नहीं चल पाया है कि ट्रेन ड्रिल किस कारण से हुई। बताया की शिकोहाबाद जंक्सन से मांधौगंज पुल के नीचे शिकोहाबाद यार्ड मे लाइन और स्लीपर लादकर डम्पिंग के लिए जा रही थी। तभी यह पटरी से उतर गई। लूप लाइन के चलते रेलवे ट्रेक बधित नही हुआ है।




# आटो ने बाइक सवार को मारी टक्कर, गंभीर घायल

**बनवारी लाल कुशवाहा**

शिकोहाबादः थाना क्षेत्र के अंतर्गत एटा रोड स्थित नगला कुंवर प्रसाद के सामने एक ओटो चालक ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने घायल को जिला संयुक्त चिकित्सालय में भर्ती कराया। पूरन सिंह पुत्र झम्मन लाल निवासी आवगंगा रोड शुक्रवार सुबह दस बजे अपनी बाइक से किसी कार्य के लिए एटा रोड पर जा रहा था। वह नगला कुंवर प्रसाद के सामने ही पहुंचा था कि सामने से आ रहे एक आटो चालक ने उसे जोरदार टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। कुछ ही देर में आसपास के लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंच गई। पुलिस ने घायल को जिला संयुक्त चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने उसका उपचार शुरू कर दिया। इस संबंध में थाना प्रभारी सुनील कुमार तोमर ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायल को तत्काल जिला संयुक्त चिकित्सालय में भर्ती कराया।

# विद्युत विभाग ने बिजली बकायेदारों के काटे कनेक्शन

**बनवारी लाल कुशवाहा**


शिकोहावाद। नगर में शुक्रवार को विद्युत विभाग ने बकायेदारों के खिलाफ अभियान चलाया। जिसमें १० हजार से अधिक के बकायेदारों के कनेक्शन काटे गए। शुक्रवार को आवास विकास कलोनी विद्युत उपकेंद्र के जेई राजेश पाल सिंह के नेतृत्व में विद्युत विभाग की टीम ने नगर के आवास विकास, गंगानगर के अलावा अन्य मोहल्लों में बकायेदारों के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान टीम ने १० हजार से अधिक बकायेदारों के कनेक्शन काटे। टीम ने बकाया राशि अदा करने के लिए हिदायत दी। जेई ने बताया कि शत–प्रतिशत वसूली के लिए बिजली कर्मचारियों को शासन की तरफ से निर्देश दिए गए हैं। इसलिए यह अभियान चलाकर वसूली की जा रही है। आगे भी यह अभियान जारी रहेगा। इस मौके पर संजीव कुमार टीजी–२ , मुन्नेश कुमार, रविंद्र कुमार, अविनाश सिंह, दिनेश कुमार मीटर रीडर आदि मौजूद रहे।

# अद्भुत पहाड़ : जलता हुआ पहाड़

**अमरेन्द्र सहाय अमर**

हमारी दुनिया विचित्रताओं से भरी है. यहा अनोखे अनोखे कारनामे और घटनाएँ देखने को मिलती है. अगर कोई आपसे कहे आपने जलता हुआ पहाड़ देखा है तो आप साफ इनकार कर देंगे . लेकिन ईरान के खुजेस्तान में एक जलता हुआ पहाड़ है. इसके बारे में कहा जाता है कि यह चार हजार सालों से जल रहा है. इसे द इन्फर्नो हिलसाइड या तश्कोह भी कहते हैं. ये पहाड़ कई सालों से धधकता आ रहा है. देखने में रात को यह बहुत ही खूबसूरत नजर आता है. इस जलते पहाड़ को देखने के लिए लोग दूर–दूर से आते है. आपने अब तक शांत पहाड़ ही देखे होंगे. अपने देश कुछ पहाड़ जो सालों से धधक रहे है. देश के झारखंड के धनबाद कोलियरी में कुछ पहाड़ी है जो चलती रहती है. ऐसा कहा जाता है कि यहां नीचे कोयले की खदानों में आग लगी हुई है. इस आग को लेकर लोग कहते है कि यह आग सालों से जल रही है. जिसके कारण यहां के आसपास के क्षेत्र बहुत ही खतरनाक हो गए है, क्योंकि खोखली होकर जमीन धंसने लग गई है. एक जगह ऐसी है जहां पर कोयले का भंडार नहीं है फिर भी पहाड़ी के अंदर से ज्वलनशील गैस के कारण सालों से यह पहाड़ी जल रही है. आपको यह जानकर ताज्जूब होगा कि इसको देखने के लिए लोग दूर दूर से आते है। ईरान के खुजेस्तान में यह जलता हुआ पहाड़ द इन्फर्नो हिलसाइड या तश्कोह भी कहते हैं. ये पहाड़ कई सालों से धधकता आ रहा है. देखने में रात को यह बहुत ही खूबसूरत नजर आता है. ऐसा कहते है कि इस जलते पहाड़ को देखने के लिए लोग दूर–दूर से आते है. इतना ही नहीं इसे देश के सबसे खूबसूरत जगहों में से एक माना जाता है. वैज्ञानिकों के मुताबिक, पहाड़ से फॉस्फोरिक गैस की रिसाव से ये जल रहा है. ये गैस हवा के संपर्क में आते ही ज्वलनशील हो जाता है. एक रिपोर्ट के अनुसार, यहां लोगों को आग की लपटों से घिरते हुए और खाना पकाने के लिए उनका उपयोग करते देखना असामान्य नहीं है. आसपास के लोग घर से बर्तन लाकर यहां खाना भी बनाते नजर आते हैं. हालांकि, उन्हें चेतावनी दी जाती है कि वे हवा में ज्वलनशील गैसों की भारी मात्रा के कारण क्षेत्र में स्वयं के आग को न जलाएं. रेजर्मन ट्रैवल फोटोग्राफर टोबियास डैनज ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर इसकी कुछ तस्वीरें पोस्ट की हैं. वह जब यहां घूमने गए थे तो एक बार के लिए इस जगह पर यकीन नहीं कर पाए थे. उनका कहना है कि उनके बारे में सुना था जब देखने को मौका मिला तो अपनी आंखों से यह नजारा देखकर हैरान रह गया. देखने के बाद भी अपनी आंखों पर भरोसा नहीं आ रहा था।



# कोविड–१९ के बढ़ते प्रसार को देखते हुए विशेष सावधानी बरती जाए : योगी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कोविड चिकित्सालयों की व्यवस्थाओं को चुस्त–दुरुस्त बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लखनऊ, कानपुर नगर, मेरठ, प्रयागराज, गोरखपुर, गौतमबुद्ध नगर तथा गाजियाबाद में विशेष सतर्कता बरतने की आवश्यकता है। अनलॉक व्यवस्था की समीक्षा करते हुये योगी ने शुक्रवार को कहा कि दिल्ली में कोविड–१९ के बढ़ते प्रसार को देखते हुए प्रदेश के सीमावर्ती क्षेत्रों में विशेष सावधानी बरती जाए। चिकित्सा शिक्षा मंत्री गाजियाबाद तथा स्वास्थ्य मंत्री गौतमबुद्ध नगर की स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा करें। उन्होने कहा कि कोविड अस्पतालों में आवश्यक औषधियों तथा मेडिकल उपकरणों की व्यवस्था सुनिश्चित हो। चिकित्सकों द्वारा नियमित राउंड लिया जाए तथा पैरामेडिक्स द्वारा रोगियों की गहन मॉनिटरिंग की जाए। योगी ने कहा कि पब्लिक एड्रेस सिस्टम के माध्यम से लोगों को कोविड–१९ से बचाव के सम्बन्ध में निरन्तर जागरूक किया जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि इंटीग्रेटेड कमाण्ड एण्ड कन्ट्रोल सेन्टर पूरी सक्रियता से कार्य करे। उन्होंने सर्विलांस तथा कॉन्टैक्ट



ट्रेसिंग की व्यवस्था को प्रभावी बनाए रखने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि होम क्वारंटीन में रहने वाले लोगों से निरन्तर संवाद बनाकर उनके स्वास्थ्य का फीडबैक प्राप्त किया जाए। यह भी सुनिश्चित किया जाए कि होम क्वारंटीन में रह रहे लोगों के पास पल्स ऑक्सीमीटर तथा इंफ्रारेड थर्मामीटर उपलब्ध हो। उन्होंने कहा कि हाई रिस्क ग्रुप के कोरोना पॉजिटिव लोगों के लिए होम क्वारंटीन व्यवस्था अनुमन्यॉन की जाए, इन्हें कोविड चिकित्सालय में रखा जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देशित किया कि छठ पर्व पर सुरक्षा तथा सफाई की सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने कहा कि २६ नवम्बर को संविधान दिवस है। इस अवसर पर संविधान की प्रस्तावना पर केन्द्रित एक कार्यक्रम का आयोजन सभी संस्थानों में किया जाए। उन्होंने गोपाष्टमी के अवसर पर सम्पन्न किए जाने वाले कार्यक्रमों की व्यवस्थाएं समय से करने के निर्देश भी दिए। योगी ने कहा कि राज्य सरकार नीति के अनुसार निवेशकों को सभी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए संकल्पित है। हमारे यहां इंफ्रास्ट्रक्चर की अच्छी सुविधाएं उपलब्ध है। प्रदेश में निवेश के लिए अनुकूल माहौल है। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि किसी भी निवेशक को अपने उद्यम की स्थापना में कोई असुविधा न हो।

## लखनऊ विश्वविद्यालय में साइंस फेस्टिवल आज से शुरू



लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में पांच दिवसीय साइंस फेस्टिवल का आयोजन आज से शुरू हो गया है। साइंस फेस्टिवल (Science festival) का आज शुभारंभ लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने किया। इस मौके पर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में ख्याति प्राप्त इतिहासकार रवी भट्ट जी मौजूद रहे। लखनऊ विश्वविद्यालय के साइंस फेस्टिवल में केंद्र एवं राज्य सरकार के २० से अधिक संस्थानों शामिल हुए हैं। जिसमें लखनऊ विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय के सभी विभाग भी शामिल हुए है। फेस्टिवल के दौरान विभिन्न विभागों के म्यूजियम प्रयोगशाला व पुस्तकालय सभी लोगों के दर्शनार्थ खुली रहेंगी।

## प्रभास की 'आदिपुरुष' 11 अगस्त 2022 को होगी रिलीज

मुंबई। दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार बाहुबली फेम प्रभास की आने वाली फिल्म 'आदिपुरुष' ११ अगस्त २०२२ को रिलीज होगी। अजय देवगन को लेकर सुपरहिट



फिल्म 'तान्हाजी– द अनसंग वरियर' बना चुके ओम राउत अब बाहुबली फेम प्रभास को लेकर फिल्म 'आदिपुरुष' बनाने जा रहे हैं। यह फिल्म एक थ्रीडी एक्शन ड्रामा होगी। फिल्म को हिंदी, तेलुगू, तमिल, मलयालम और कन्नड़ में रिलीज किया जाएगा। 'आदिपुरुष' के रिलीज डेट की घोषणा को लेकर ओम राउत ने जानकारी दी कि 'आदिपुरुष' ११ अगस्त, २०२२ को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। बताया जा रहा है कि प्रभास की इस फिल्म का बजट ३५० करोड़ से ४०० करोड़ रुपए के बीच है। फिल्म में जहां 'आदिपुरुष' का किरदार प्रभास निभाएंगे, तो वहीं फैंस में सीता के रोल को कौन निभाएंगे इसको लेकर काफी उत्सुकता बनी हुई है। अबतक सीता के रोल के लिए कई नाम सामने आ चुके हैं। इस लिस्ट में कियारा आडवाणी, अनुष्का शर्मा, कृति सेनन तो कभी दीपिका पादुकोण का नाम चर्चा में रहा। हालांकि अभी तक मेकर्स ने सीता के रोल के लिए अदाकारा के नाम का खुलासा नहीं किया है। इस ३डी एक्शन फिल्म की शूटिंग २०२१ में शुरू होगी। फिल्म में सैफ अली खान की भी महत्वपूर्ण भूमिका है।

## फिल्म 'अनवर का अजब किस्सा' ओटीटी रिलीज को तैयार

मुंबई। मशहूर बांग्ला फिल्मकार बुद्धदेब दासगुप्ता की हिंदी फिल्म 'अनवर का अजब किस्सा' में नवाजुद्दीन सिद्दीकी और पंकज त्रिपाठी अपने परफारमेंस को पेश करने के लिए तैयार हैं। अभिनेताओं ने फिल्म के अनुभवों को लेकर बातचीत की। अपने किरदार को लेकर नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने लिखा, वह एक जासूस है जो पूरी तरह से अलग तरीके से सोचता है। वो ऐसा है, जिसे आम आदमी समझ नहीं सकता। वह खुद की बनाई हुई दुनिया में रहता है और सिर्फ अपने दिल की सुनता है। मेरे लिए इस दिलचस्प किरदार को निभाने से काफी अच्छा अनुभव मिला। मुझे यकीन है कि यह किरदार सभी के दिलों में एक अलग जगह बना पाएगा। फिल्म में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले अभिनेता पंकज त्रिपाठी ने कहा, "यह एक ऐसी फिल्म है जो मानव



मन की सुंदरता और उसके जटिल स्वभाव की पड़ताल करती है। मुझे खुशी है कि मैं इस फिल्म का हिस्सा रहा हूं, जो यकीनन आपके दिल को छू जाएगी और एक अलग छाप छोड़ जाएगी।

## प्रतापगढ़ में सड़क हादसे में सात बच्चों सहित 14 की मौत

प्रतापगढ़। उत्तर प्रदेश में प्रतापगढ़ जिले के देशराज इनारा के पास बीती रात करीब एक बजे एक



भीषण सड़क हादसे में सात बच्चों सहित १४ लोगों की मौत हो गई। प्रतापगढ़ के पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने बताया कि जिला मुख्यालय से करीब सत्तर किलोमीटर दूर प्रयागराज– लखनऊ राजमार्ग पर थाना मानिकपुर अंतर्गत देशराज इनारा के निकट हुई सड़क दुर्घटना में तेज रफ्तार बोलेरो गाड़ी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गई। हादसे में बोलेरो में सवार छह बच्चों सहित चौदह लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेजा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दुर्घटना पर दुरूख व्यक्त करते हुए मृतकों के परिजनों को दो–दो लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है। दुर्घटना की सूचना पर पुलिस बल ने तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर राहत और बचाव अभियान शुरू कर दिया। उन्होंने कहा कि दुर्घटना इतनी भीषण थी कि बोलेरो गाड़ी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में सभी की मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटनाग्रस्त बोलेरो से शवों को निकालने में लगभग दो घण्टे का समय लगा। मुख्यमंत्री ने इस दुर्घटना में मारे गए लोगों के परिजनों को दो–दो लाख रुपये की आर्थिक सहायता दिए जाने के निर्देश दिए हैं।


हमारे अन्य प्रतिनिधि

संजय बाजपेई
सीतापुर
मो.9935160370

प्रियंका त्रिपाठी
नई दिल्ली
विधिक सलाहकार
सुरेश नारायण मिश्र

क्षेत्रीय सम्पादक
सौरभ कुमार, बिहार
मो.09386075289

मो० अरशद
ब्यूरो चीफ
मऊ



स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक आरती पाण्डेय द्वारा सांई आफसेट प्रिन्टर्स, 40 वासुदेव भवन भातखण्डे संगीत महाविद्यालय के पीछे, कैसरबाग लखनऊ से छपवाकर एमआईजी 2/379 रश्मिखंड शारदानगर आशियाना लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।
आर.एन.आई
UPHIN/2010/32566



सम्पादक
आरती पाण्डेय
मो.9415087228
9889745884. 9807059191. 9026560178
Email-
adbhutsamachar@yahoo.in
adbhut_samachar@rediffmail.com



सभी विवादों का न्यायक्षेत्र लखनऊ होगा।

समाचार पत्र में छपी समस्त प्रकार की खबरों एवं लेखों का स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक आरती पाण्डेय से किसी भी प्रकार का कोई लेना देना नहीं है। समाचार पत्र में छपी खबर एवं लेख पत्रकारों के अपने निजी विचार हैं। समाचार पत्र से जुड़े समस्त पत्रकारों के पद अवैतनिक हैं। और वह सब स्वतंत्र पत्रकार हैं। प्रकाशक/सम्पादक